# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 13.12.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 13.12.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद के पर्यवेक्षण में प्रभारी मानिकपुर उपाधीक्षक प्रशिक्षु श्री फहद अली के नेतृत्व में थाना मानिकपुर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने हत्या की साजिश रचने वाले 05 आरोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**अभियुक्तों को नाम व पता का विवरण-**

1.महेश द्विवेदी पुत्र कामता प्रसाद द्विवेदी नि0 बैलोहन का पुरवा चौकी सरैया थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट
2.धीर सिंह उर्फ धीरु पुत्र कमलेश सिंह पटेल नि0 अर्जुनपुर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट
3 प्रमोद कुमार पटेल उर्फ गोलू मामा पुत्र कल्याण सिंह नि0 मोहनपुर मजरा खण्डेहा थाना मऊ जनपद चित्रकूट हाल पता कर्वी एलआईसी के पास
4.मो0 नफीस पुत्र अब्दुल रमजान नि0 मऊगुरदरी थाना मनिकपुर जनपद चित्रकूट
5.मो0 अशरफ उर्फ मानू पुत्र स्व0 गुलशेर अहमद नि0 शास्त्रीनगर कस्वा व थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट

***बरामदगी-***

1. 04 अदद मोबाइल फोन
2. 05 अभियुक्तों से कुल 1340 रूपया नगद

***गिरफ्तारी का स्थान,दिनाँक,समय-***

सरैया रोड़ पार्क की गेट के सामने थाना मानिकपुर.14.12.2024,08.45 बजे

***संक्षिप्त विवरण-***

दिनाँक 13.12.2024 को वादी राजेन्द्र द्विवेदी पुत्र स्व0 केदारनाथ द्विवेदी निवासी बैलोहन का पुरवा चौकी सरैया थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट द्वारा थाना मानिकपुर सूचना दी कि उनके भतीजे प्रदीप के द्वारा जानकारी हुई है कि महेश द्विवेदी पुत्र स्व0 कामता प्रसाद द्विवेदी निवासी बैलोहन का पुरवा चौकी सरैया द्वारा मेरी हत्या की साजिश की जा रही है। सुपारी लेने वालों के नाम क्रमशः 1.धीर सिंह उर्फ धीरु पुत्र कमलेश सिंह पटेल नि0 अर्जुनपुर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट 2. प्रमोद कुमार पटेल उर्फ गोलू मामा पुत्र कल्याण सिंह नि0 मोहनपुर मजरा खण्डेहा थाना मऊ जनपद चित्रकूट हाल पता कर्वी एलआईसी के पास 3. मो0 नफीस पुत्र अब्दुल रमजान नि0 मऊगुरदरी थाना मनिकपुर जनपद चित्रकूट 4. मो0 अशरफ उर्फ मानू पुत्र स्व0 गुलशेर अहमद नि0 शास्त्रीनगर कस्वा व थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट है। इसके अलावा यह भी जानकारी प्राप्त हुई है मेरी हत्या कि साजिश के साथ साथ पूर्व विधायक आनंद शुक्ला की भी हत्या की साजिश रची जा रही है जिसका कुछ दिन पहले ही ऑडियों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था । इस सूचना पर थाना मानिकपुर में मु0अ0सं0 224/024 धारा 55,61(2),352(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेकर प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर,एसओजी टीम को तत्थात्मक साक्ष्य एकत्रित कर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल होने पर एसओजी की टीम को लगा दिया गया था,टीम द्वारा अथक प्रयास कर पूरे षड़यंत्र के तारो को जोड़ा गया।

आज दिनाँक 14.12.2024 को प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह व उनकी टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जिस महेश द्विवेदी व अन्य अभियुक्तों की आप तलाश कर रहे है वह अभी नवनिर्मित सरकारी भवन के पीछे से पैदल चलकर चार पांच लोग एक साथ सडक के तरफ आ रहे है। यह कहीं निकल जाने के फिराक में हैं यदि आप लोग जल्दी करें तो सभी एक साथ पकडे जा सकते हैं। सूचना पर तत्काल सरैया रोड़ पार्क की गेट के सामने गाडी रोककर पांचो व्यक्तियों को घेरकर नवीन टीन सेड के सामने से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार सभी अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो बताए कि हम लोगों ने बडी गोपनीय तरीके से बेलौहन पुरवा के राजेन्द्र द्विवेदी तथा पूर्व विधायक

आनन्द शुक्ला की हत्या करने की योजना गोपनीय तरीके से बनायी थी परन्तु वह बात खुल गयी। नाम पता पूछने पर पहले ने अपना नाम महेश द्विवेदी उपरोक्त बताया जिसकी जामा तलाशी से 01 अदद मोबाइल फोन कीपैड व रंग काला जिस पर हीरो लिखा है व नकद 170 रूपये दूसरे ने अपना नाम धीर सिंह उर्फ धीरु उपरोक्त बताया जिसकी जामा तलाशी से 01 अदद मोबाइल फोन मोटरोलो व रंग काला जिसके पीछे M लिखा है व 120 रूपये नगद तीसरे ने अपना नाम प्रमोद कुमार पटेल उर्फ गोलू मामा उपरोक्त बताया जिसकी जामा तलाशी से 310 रूपये नगद चौथे ने अपना नाम मो0 नफीस उपरोक्त बताया जिसकी जामा तलाशी से 01 अदद मोबाइल फोन वीवो कम्पनी व रंग आसमानी व 210 रूपया नगद पांचवे ने अपना नाम मो0 अशरफ उर्फ मानू पुत्र स्व0 गुलशेर अहमद उम्र 33 वर्ष नि0 शास्त्रीनगर कस्वा व थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट बताया जिसकी जामा तलाशी से 01 अदद मोबाइल मोटरोलो व रंग काला जिसके पीछे M लिखा है व 530 रूपया नगद बरामद हुआ।

***गिरफ्तार करने वाली थाना मानिकपुर पुलिस टीम-***

1. प्रभारी मानिकपुर उपाधीक्षक प्रशिक्षु श्री फहद अली
2.प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री दुर्ग विजय सिंह
3.उ0नि0 श्री कृपानंदन शर्मा
4. मुख्य आरक्षी कमलाकान्त
5.आरक्षी भास्कर शुक्ला
6.आरक्षी चालक प्रभात दुबे

***गिरफ्तार करने वाली एसओजी टीम-***

1.प्रभारी एसओजी निरीक्षक श्री एम0पी0 त्रिपाठी
2.आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा
3.आरक्षी रोशन सिंह
4.आरक्षी पवन राजपूत

**(5).** आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री बाल कृष्ण त्रिपाठी एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री अजय कुमार सिंह व जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने महाकुंभ 2025 की तैयारी के सम्बन्ध में यमुना नदी तट पर स्थित तुसलीदास घाट में श्रद्धालुओं स्नान करने हेतु बैरकेडिंग लगाये ताकि श्रद्धालुओं सुगमता से स्नान कर पूजा पाठ करें । थाना राजापुर क्षेत्र के बाजपेयी चौराहा व अन्य रास्तों का भ्रमण कर यातायात को सुगम बनाने हेतु आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को रूट डायवर्जन कर यात्रा कराये हेतु क्षेत्राधिकारी राजापुर को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात उन्होंने राजापुर बाजपेई चौराहे पर बनाए गए होर्डिंग एरिया का भी निरीक्षण किया एवं पुलिस क्षेत्राधिकार राजापुर को निर्देशित किया की होर्डिंग एरिया में पानी मोबाइल टॉयलेट प्रकाश आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराए।
इस दौरान क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह,प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री मनोज कुमार,पीआरओ श्री प्रवीण सिंह संबंधित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

**(6).** आज दिनाँक 14.12.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी लाइन/कार्यालय श्री अरविंद कुमार वर्मा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु कर्वी शहर में ट्रैफिक चौराहा,बस स्टैंड, कालीदेवी चौराहा,भगवानदीन चौराहा,धुस मैदान एवं पुरानी कोतवाली मिश्रित आबादी क्षेत्र

एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया तत्पश्चात महोदय द्वारा दुकानदारों, व्यापारी बंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

**(7).** आज दिनाँक 14.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री मनोज कुमार की उपस्थिति में थाना राजापुर पुलिस बल के साथ संकट मोचन हनुमान मंदिर में मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले मेला के दृष्टिगत का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया । महोदय द्वारा निर्धारित स्थानों पर वाहन पार्किंग, रोड पर अतिक्रमण न हो,सीसीटीवी लगे हो,मंदिर परिसर में इलेक्ट्रानिक चीजों में खुले तार का प्रयोग न हो,मंदिर परिसर में नगर पालिका से सम्पर्क कर साफ सफाई, फायर ब्रिगेड का भी उचित व्यवस्थापन एवं मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के दृष्टिगत पुलिस कर्मियों का निर्धारित ड्यूटी लगाये जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक राजापुर को निर्देशित किया गया ।